# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– मेक इन इंडिया पहल से भारत दुनिया में उत्पादन का बना सबसे चहेता केंद्र, नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां।**
2. **संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी मामलों में दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई आज,12 सितंबर को केन्द्र सरकार ने दायर किया था शपथ पत्र।**
3. **शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की भक्ति भाव से की जा रही पूजा अर्चना।**
4. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वि□वकर्मा जयंती पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी कुशल और मेहनती लोगों को किया नमन।**
5. **पलामू समेत राज्य के पश्चिमी भाग को छोड़कर लगातार बारिश से आज मिली राहत, मौसम विभाग ने कल से सामान्य हालात का जताया पूर्वानुमान।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्री शाह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आज दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सौ दिनों में पंद्रह लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। श्री शाह ने कहा कि सरकार की मेक इन इंडिया पहल से भारत दुनिया में उत्पादन का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के कई देश भारत की डिजिटल इंडिया योजना को समझना और अपने यहां लागू करना चाहते हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति शुरू की गई है जिसमें देश की पुरानी शिक्षा प्रणाली और आधुनिक शिक्षा को समाहित कर क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मान दिया गया है।

*********************

संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी मामले पर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नारायण अरुण कुमार राय की अदालत में केन्द्र की ओर से शपथ पत्र पर दाखिल जवाब पर विस्तृत सुनवाई होगी।

*********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने आदिवासी हो समाज द्वारा बोली जाने वाली हो भाषा (वारंग क्षिति लिपी) को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया।

*********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) रांची समेत अन्य जिलों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने जा रही है। जेएसएससी आज आधिकारिक वेबसाइट पर एडमिट कार्ड जारी करेगां

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी  के जन्मदिन के मौके पर आज देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस कड़ी में रांची में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर भी प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, और  सफाई कर्मियों के बीच सा़डी और पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा की स्मृतियों को सहेजने के लिए एक वर्ष पूर्व पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। लगभग 13 करोड रुपए की इस योजना के अंतर्गत 18 प्रकार के कारीगरों को जोड़ा गया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह निर्माण और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी कुशल और मेहनती लोगों को नमन करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने में उनका योगदान अद्वितीय रहेगा।

*********************

शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की राजधानी रांची समेत राज्य भर में भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। इसे लेकर रांची, बोकारो, जमशेदपुर के औद्योगिक क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई है। आकाशवाणी केन्द्र रांची में भी भगवान विश्वकर्मा की भक्ति भाव से पूजा की गई ।

*********************

स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत हो गई।  यह अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है स्वाभाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिडियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह सम्मानजनक जीवन का स्रोत है।

इधर आकाशवाणी रांची परिसर में केन्द्र निदेशक दुर्गा चरण हेम्ब्रम ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप निदेशक अभियांत्रिकी ए पी सिंह और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

*********************

सिमडेगा जिले में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कई काम किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

*********************

मौसम विभाग ने झारखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से राहत मिलने की संभावना व्यक्त की है । रांची मौसम केन्द्र वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को बताया कि पलामू समेत राज्य के पश्चिमी भाग को छोड़कर अन्य हिस्सों में लगातार बारिश से राहत मिलने की संभावना है।

*********************

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई जगहों पर जान माल की क्षति भी पहुंची है। नदियों, नालों और डैमों का जलस्तर उफान पर है। हमारे दुमका जिले के संवाददाता ने बताया कि उपराजधानी में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है।

इधर रांची जिले मे भारी बारिश को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

******समाप्त**************